# महमूदपुर जाटोवाला पहुंचा सपा का डेलिगेशन

## पीड़ित परिवारों को अखिलेश की ओर से विधायक उमर अली खान व पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने सौंपी आर्थिक मदद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/ बेहट।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल बेहट विधानसभा के ग्राम महमूदपुर जाटोवाला पहुंचा और पीड़ित परिवारों से मिलकर पार्टी की तरफ से आर्थिक मदद की गई।

गौरतलब है पिछले दिनों महमूदपुर जाटों वाला गाँव के 3 युवकों इस्तखार पुत्र अशफाक, शौकीन पुत्र हारून तथा असगर पुत्र नेकी की बजरी के डम्पर (ट्रक) के नीचे दबकर मृत्यु हो गई थी। परिवार में कमाने वाले मृतक युवक ही थे जिस के चलते पीड़ित परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे।





सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले तीनों पीड़ित परिवारों से मुलाकघत कर पार्टी की ओर से 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा। इस अवसर पर पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने शोक संतप्त परिवारों से संवेदना प्रकट करते हुए ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया, हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से पीड़ित परिवारों को 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता इसीलिए प्रदान की गई, ताकि वे इस कठिन परिस्थिति का सामना कर सकें।

बेहट विधायक उमर अली खघन ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा दुख की घड़ी में जनता के साथ खड़ी रहती है और आगे भी हर जरूरतमंद की सहायता के लिए तत्पर रहेगी। विधायक उमर अली खान ने शासन से मांग की है कि सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

इस दौरान मुख्य रूप से रागिब अली, फरहान खान प्रति. निधि विधायक, मुन्नू खान , ग्राम हारून चौधरी , पूर्व प्रधान चौधरी राशिद , डॉक्टर सालिम विनोद पाल, सुलेमान खघन, निसार अब्बासी, हाशिम बीडीसी, शहजाद मंसूरी, अनिल कुमार, सुरेंद्र, सैयद हसन सहित आदि सपा कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# विधायक चौ. किरत के कर कमलों से मंदिर व स्टेडियम के सौन्दर्यकरण का लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** गांव रणढेड़ी में रविवार को बाबा घुमरा देव मंदिर एवं बाबा घुमरा देव स्टेडियम के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों का लोकार्पण गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक चौधरी किरत सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष चौधरी सतपाल सिंह का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्राचीन मंदिरों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है, जिससे धार्मिक स्थलों की भव्यता बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि बाबा घुमरा देव मंदिर क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है, जिसके सौंदर्यीकरण के लिए सरकार द्वारा लगभग एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इससे मंदिर परिसर और अधिक आकर्षक और दिव्य बनेगा, साथ ही नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी।

विधायक ने बाबा घुमरा देव स्टेडियम के लोकार्पण को क्षेत्र के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे युवाओं को खेल के बेहतर अवसर मिलेंगे और वे जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, मंडल अध्यक्ष वीरसेन कश्यप, मंडल अध्यक्ष विजयपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष राजपाल सैनी, डायरेक्टर सत्यपाल सिंह, जिला मंत्री मांगेराम सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, राधे श्याम शर्मा, अनुज प्रधान, नीरज प्रधान, राजकुमार खेड़ी, कर्म सिंह, मुनेश प्रधान, मनोज प्रधान, मदन सिंह, अमित चौधरी, एडवोकेट सुशील चौधरी, आदि उपस्थित रहे।

# डा.रूचि को बेस्ट रिसोर्स पर्सन अवार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आशा मॉडर्न इंटरनेशनल विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रुचि शर्मा को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बेस्ट रिसोर्स पर्सन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

डॉ. शर्मा सीबीएसई से बीस वर्षों से अधिक समय से जुड़ी हैं। बेस्ट ट्रेनर सम्मान समारोह डीपीएस हरिद्वार में आयोजित हुआ। सीबीएसई द्वारा देशभर से 700 आवेदकों में से मात्र 30 संसाधन व्यक्तियों का चयन किया गया था। अब तक डॉ. रुचि शर्मा 60 घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण और 150+ घंटे का ऑफलाइन ब्ठैम् प्रशिक्षण देशभर के शिक्षकों को दे चुकी हैं। विगत कई वर्षों से वह आशा मॉडर्न इंटरनेशनल में प्रधानाचार्या के पद पर कार्यरत हैं।



विद्यालय के निदेशक ई. भव्य जैन एवं सह-निदेशिका रुपाली जैन ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि डॉ. रुचि शर्मा को यह सम्मान मिलना पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है।

### भगवान अग्रसेन को पुष्पांजलि अर्पित की

**सहारनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने भगवान अग्रसेन की पुष्पांजलि एवं आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर सदस्यता अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

रेलवे स्टेशन स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर महाराजा अग्रस. ेन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विनोद गुप्ता ने कहा कि आईवीएफ द्वारा समाज हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

# सहारनपुर में बने नया आईआईटीः संजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व राज्य मंत्री संजय गर्ग ने सहारनपुर को तकनीकी और उच्च शिक्षा के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक और बड़ी पहल करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। उन्होंने आईआईटी रुड़की के सहारनपुर स्थित द्वितीय परिसर और सीपीपीआरआई परिसर को मिलाकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नया आईआईटी स्थापित करने की मांग की है।

संजय गर्ग ने बताया कि सहारनपुर मुख्यालय पर स्थित आईआईटी रुड़की का 25 एकड़ में फैला द्वितीय परिसर वर्तमान में सीमित पाठ्यक्रमों के साथ संचालित हो रहा है,



जबकि इसके साथ स्थित केंद्र सरकार के कॉमर्स मंत्रालय से संबद्ध सीपीपीआरआई का लगभग 110 एकड़ परिसर उपलब्ध है। इन दोनों परिसरों को एकीकृत कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए एक पूर्ण विकसित आईआईटी संस्थान तैयार किया जा सकता है।

संजय गर्ग ने इस प्रस्ताव को क्षेत्रीय संत. ुलन, तकनीकी विकास और राष्ट्रीय शिक्षा विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री से इस दिशा में ठोस निर्णय लेने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सहारनपुर की भौगोलिक स्थिति, उपलब्ध भूमि और संस्थागत आधार इसे राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी संस्थान के लिए आदर्श स्थान बनाते हैं। यदि यह प्रस्ताव स्वीकृत होता है तो सहारनपुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े उच्च तकनीकी शिक्षा केंद्र के रूप में उभर सकता है।

# मारपीट व गाड़ी में तोड़फोड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** मारपीट व गाडी में तोडफोड के आरोप पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

पीड़ित मुर्सलीन पुत्र शकील निवासी ग्राम बढेड़ी थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार उत्तराखंड ने थाना पर तहरीर देकर बताया कि पीड़ित व उसके छोटे भाई की मेडिकल जांच विगत 27 अप्रैल को कस्बा सुल्तानपुर के सरकारी अस्पताल में हुई थी। हमले में आई गंभीर और मर्मघाती चोटों के कारण पीड़ित तभी से अपना निरंतर इलाज करा रहा था इसलिए तहरीर देने देरी हो गई। आरोप है कि 27 अप्रैल को पीड़ित अपने भाई मुस्तकीम व नदीम के साथ चिलकाना थाना क्षेत्र के ग्राम सालीरी से अपनी जमीन की पैमाइश कराकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पूर्व से रास्ते मे घात लगाए बैठे विपक्षीगण सरफराज व हैदर पुत्रगण सत्तार निवासी ग्राम बढेडी तथा साकिब व साखिर पुत्रगण जफर अली निवासी ग्राम घाना थाना देहात कोतवाली ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। तथा उन्हें गाड़ी से बाहर निकालकर लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में पीड़ित की गाडी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में छात्रों का शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मोहम्मद फारुख इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने आज ग्लोकल यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर का अवलोकन किया और यहां संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, आधुनिक सुविधाओं तथा करियर के विविध अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर ग्लोकल लॉ स्कूल की डीन प्रो. अतिका बानो, डीएसडब्ल्यू प्रो. शोभा त्रिपाठी, गौरव कुमार, सुश्री नूर अफशा, अमीर अहमद तथा डॉ. उमर जहां उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया और



विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, आधुनिक सुविधाओं तथा समग्र विकास के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और भविष्य के लक्ष्यों के अनुरूप पाठ्यक्रम चुनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार तथा व्यावसायिक विकास के महत्व पर विशेष जोर दिया। मोहम्मद फारुख इंटर कॉलेज के प्राचार्य मोहम्मद एहतिशाम तथा उप-प्राचार्य इर्तजा हसन ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने उच्च शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने और अपनी रुचि के अनुसार उपयुक्त पाठ्यक्रम चुनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान एक रोचक प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, करियर संभावनाओं तथा विश्वविद्यालय की सुविधाओं से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने सभी प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया, जिससे उन्हें अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य के बारे में स्पष्ट समझ प्राप्त हुई।

# करोड़ों के बिजनेस प्लान के कार्यों के दावों की हकीकत पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बिजली विभाग द्वारा जिले भर में बिजनेस प्लान के तहत आधारभूत ढांचे को मजबूत करने,बेहतर तार लगाने, कमर्शियल सुधार करने और सही बिलिंग के जरिए लाइन लॉस घटाने के दावे लगातार किए जा रहे हैं। इसके साथ ही उपभोक्ता सेवाओं में सुधार, शिकायतों के त्वरित निस्तारण और नई लाइनें, ट्रांसफॉर्मर व सब-स्टेशन स्थापित कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात भी कही जाती रही है। लेकिन हकीकत इन दावों से अलग नजर आ रही है। शहर में मध्यम या तेज हवा चलते ही कई फीडरों की सप्लाई ट्रिप हो जाती है, जिससे बार-बार बिजली कटौती की समस्या सामने आती है। इससे न सिर्फ आम उपभोक्ता परेशान हैं, बल्कि छोटे कारोबार और दैनिक कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब वर्षों से बिजनेस प्लान के अंतर्गत कार्य किए जा रहे हैं, तो फिर बिजली व्यवस्था इतनी संवे. दनशील क्यों बनी हुई है कि हल्के मौसम बदलाव में भी चरमरा जाती है। क्या सुधार कार्य केवल काग. जों तक सीमित हैं या फिर जमीनी स्तर पर उनकी गुणवत्ता में कहीं कमी रह गई है?

# चौ. मुजफ्फर की माता के इंतकाल पर जताया शोक

## पूर्व जिलाध्यक्ष के आवास पर पहुंचे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब रविवार को कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली के तहरपुर स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने मुजफ्फर अली की माता जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पार्टी की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान उदय भानु चिब ने कहा कि परिवार के बुजुर्ग एक वृक्ष के समान होते हैं, जिनकी छाया हमेशा परिवार को संरक्षण देती है। उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि शोक. ाकुल परिवार को इस दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर युवा कांग्रेस (पश्चिम उत्तर प्रदेश) के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विशाल चौधरी, पदयात्रा संयोजक रजत यादव आदि मौजूद रहे।

### तीन वांछित जेल भेजे

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने छेड़छाड़ व हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एक महिला ने थाने में लिखित तहरीर देकर बताया था कि बादशाहीबाग निवासी तीन युवकों ने उसकी बहन प्रिया के साथ गालीगलौच कर अश्लील हरकतें एवं कमेंट किए हैं। मना करने व रोकने पर उसके व उसके भाई के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। रविवार को थाना मिर्जापुर पुलिस ने प्रभारी सूबेसिंह व उपनिरीक्षक सचिन त्यागी के नेतृत्व में मुक. दमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# लियोनेल ऑपे फैलोशिप से नवाजे गए डा.मिगलानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एकेडमी ऑफ डायबिटीज एवं कार्डियोरीनल मेडिसिन लंदन एवं केईडी द्वारा 'डॉ. संजीव मिगलानी' को लियोनेल ऑपे फैलोशिप लंदन से सम्मानित किया गया।

आज मुंबई के जे.डब्ल्यू. मैरियट होटल में डायबिटीज, कार्डियक एवं रीनल मेडिसिन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में डा.मिगलान को यह सम्मान दिया गया। उत्तराखंड एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजीव मिगलानी को यू.के. लंदन से पधारे प्रोफेसर स्टेफन डेल प्रेटो, प्रोफेसर एले फर्नानिनी और प्रोफेसर रैली होलमैन द्वारा संयुक्त



रूप से लियोनेल ऑपे फैलोशिप प्रदान की गई। उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डॉ. संजीव मिगलानी को पिछले 25 वर्षों से डायबिटीज, कार्डियक एवं रीनल के क्षेत्र में निरंतर शोधपत्र प्रकाशित करने और जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाने के लिए यह प्रतिष्ठित फैलोशिप प्रदान की गई है। डॉ. मिगलानी इस क्षेत्र में उत्तर भारत के प्रमुख विशेषज्ञों में गिने जाते हैं।

कॉन्फ्रेंस में प्रोफेसर ग्यियान फेडिनी, प्रोफेसर लेम्बर, प्रोफेसर मार्क पेट्री, डायरेक्टर डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. शैलजा, डॉ. संजीव शाह, डॉ. टिनी नायर, अनंत निगम और डॉ. सदानंद सेठी समेत देश-विदेश के कई ख्यातिप्राप्त चिकित्सक उपस्थित रहे।

डॉ. संजीव मिगलानी ने डीसीआर फोरम लंदन के एकेडमिक डायरेक्टरों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें डीसीआर के क्षेत्र में और अधिक शोध एवं मरीजों की सेवा के लिए प्रेरित करेगा।

# गुरु गोरखनाथ का प्रकटोत्सव मनाया

**शाह टाइमस ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उपाध्याय समाज जागृति सभा द्वारा बाबा शिव अवतारी महायोगी गुरु गोरखनाथ जी दिव्य एवं पावन प्रकटोत्सव बड़े ही श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ हवन-पूजन करके मनाया गया।

रोटरी क्लब में आयोजित कार्यक्रम में उपाध्याय समाज जागृति सभा के संरक्षक मनोज उपाध्याय ने कहा कि नाथ सम्प्रदाय के संस्थापक महायोगी गुरु गोरखनाथ ने योग साधना और आध्यात्मिक माध्यम से समाज को धर्म और अनुशासन का मार्ग दिखाया, उनका संदेश आज भी हमें सत्य, संयम और सेवा के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। पूर्व पार्षद प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि उक्त आयोजन को बड़े स्तर पर




आगामी वर्ष में गंगोह रोड स्थित गोगा म्हाड़ी स्थल पर मनाया जायेगा। जिलाध्यक्ष मांगेराम उपाध्याय ने श्री गुरु गोरखनाथ के जन्मोत्सव पर सभी को हार्दिक बधाई दी। जिला उपाध्यक्ष रामकुमार उपाध्याय ने मंच का सफल संचालन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मा. ओमपाल सिंह उपाध्याय ब्लाक अध्यक्ष नानौता ने की।

कार्यक्रम में विशेष रूप से राज सिंह उपाध्याय, सब इंपेक्टर रिटायर्ड रामधन उपाध्याय, मा. महीपाल उपाध्याय, रणधीर उपाध्याय, योगी सचिन उपाध् याय, योगेश उपाध्याय, मा. संजय उपाध्याय लोटनी, राजकुमार उपाध्याय, जयकुमार उपाध्याय, मा. ओमपाल उपाध्याय, कालूराम उपाध्याय, मनजीत उपाध्याय, रणधीर उपाध्याय, योगी राहुल उपाध्याय, योगी मनोज शिवनाथ, उषा उपाध्याय, मेघा उपाध्याय, मांगेराम उपाध्याय, रामकुमार उपाध्याय आदि भारी संख्या में सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### चोरी की घटना का खुलासा

**सहारनपुर।** थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने बैटरी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए बैटरे, इनवर्टर व नगदी बरामद करने में सफलता हासिल कर ली। मिली

थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने प्रभारी सतेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह व उपनिरीक्षक संजीव यादव के नेतृत्व में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों उस्मान व मुस्तहिर पुत्रगण सलीम तेली निवासीगण बादशाहपुर थाना बिहारीगढ़, दिलबहार पुत्र इकबाल तेली निवासी टांडा मान सिंह व सिरमौर पुत्र रामप्रसाद निवासी कुरडीखेड़ा थाना बिहारीगढ़ को रविदास मंदिर के आगे पिलर के पास कस्बा बिहारीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया।

# स.जस्सा सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सरदार जस्सा सिंह अहलूवालिया कलाल की 308 वीं जयंती समारोह मनाते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।



प्रभु की रसोई में आयोजित कार्यक्रम में कलाल क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष विनीत कर्णवाल ने कलाल समाज के कुल गुरु सुल्तान उल कॉम सरदार जस्सा सिंह अहलूवालिया कलाल के जीवन परिचय में प्रकाश डाला। जिसके बाद नॉमिनेट पार्षद राजेश वालिया एवं जिला मंत्री भाजपा सारिका वालिया का कलाल क्षत्रिय महासभा के सभी पदाधिकारी ने माला एवं पटका डालकर स्वागत किया। प्रभु जी की रसोई के संयोजक शीतल टंडन ने सभी का स्वागत किया।

कलाल क्षत्रिय महासभा के संयोजक संजय कर्णवाल, उपाध्यक्ष भारत कर्णवाल, संस्थापक एवं कोषाध्यक्ष राजीव भरतरी महामंत्री विराट जायसवाल, शरद जायसवाल, अनिल वालिया, रोहित कर्णवाल, कृष्णा जायसवाल, महेश कर्णवाल, नरेश जायसवाल, सुरेश कर्णवाल, अंकित कर्णवाल, अजय कर्णवाल, मोहन वालिया, भानु वालिया, नीरज वालिया, मनोज जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

